# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 20.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दिल्ली दौरे पर–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।**
- **केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा–सरकार ने किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिए कई कदम उठाये।**
- **प्रदेश में गिव–अप अभियान के तहत 14 लाख से ज्यादा लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम हटवाये।**
- **राज्य में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में आज कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश होने के आसार।**

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज दिल्ली दौरे पर हैं। श्री शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इसके बाद श्री शर्मा कृषि मंत्रालय पहुंचे जहां उन्होंने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की। दोनों नेताओं ने राजस्थान में कृषि विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान राज्य सरकार तथा कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्री के समक्ष रखे गये सभी मुद्दों को उन्होंने गंभीरता से सुना।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिए कई कदम उठाये हैं। बीते एक दशक में किसान कल्याण और जैविक खेती को बढावा देने के कई उपाय किये गये हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि को लागू किया है और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी की है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है। श्री बागड़े आज नागौर जिले के लाड़नूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। इस अवसर राज्यपाल ने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन और नशा मुक्ति के लिए किये गए प्रयासों से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान शिक्षा, खेल, शोध और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित भी किया।

000

आज विश्व गौरेया दिवस है। होम स्पेरो यानि गौरेया की घटती आबादी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। गौरेया महत्वपूर्ण पक्षी है ये कई तरह के कीटों को खाकर पारिस्थितिक तंत्र में अहम भूमिका निभाती है। गौरेया संरक्षण के लिए दुनियाभर में प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यकम में इस ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि विश्व गौरेया दिवस ये याद दिलाने का अवसर है कि हमें छोटे पंखों वाली इन मित्रों को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

..............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गौरैया के संरक्षण और आवास की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। जयपुर में पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने पुलिस आयुक्तालय परिसर में परिन्डे बांधे। करौली जिले में इस मौके

पर पक्षी मित्र अभियान की शुरूआत की गई और कई जगह परिन्डे लगाये गये। उधर कोटपुतली–बहरोड़ में भी गौरयाओं को सुरक्षित आशियाना देने की पहल के तहत वर्ल्ड हाउस लगाये गये।

000

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने के लिए चलाये जा रहे **'गिव–अप'** अभियान में अब तक 14 लाख 27 हजार 820 अपात्र व्यक्तियों ने अपने नाम हटवाये हैं। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आज विधानसभा में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने के लिए इस साल 26 जनवरी से पोर्टल शुरू किया गया है। पोर्टल के जरिये आवेदन करने वाले 13 लाख 51 हजार 253 नए लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा चुका हैं और नए नाम जोड़े जाने की कार्यवाही लगातार जारी है।

गौरतलब है कि 31 मार्च तक **'गिव–अप'** अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित सक्षम व्यक्ति को स्वैच्छा से नाम हटाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के मौके पर कल जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होगा। राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का शिलान्यास करेंगे। साथ ही सीता माता वन्य जीव अभ्यारण्य में ईको ट्यूरिज्म सुविधाओं और भरतपुर तथा नाहरगढ बॉयोजिकल पार्क में इलेक्ट्रिनिक गॉल्फ कार्ट प्रदेश की जनता को समर्पित करेगे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी ने बताया कि समारोह में वन मित्रों को किट वितरित किये जायेंगे। फील्ड में काम करने वाली वन विभाग की महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

000

बास्योड़ा पर्व कल मनाया जाएगा। ये पर्व चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्ठमी को मनाया जाता है। इस दिन स्वच्छता और आरोग्य की देवी शीतला माता की पूजा की जाती है और उन्हें बासी भोजन का भोग लगाया जाता है। इस मौके पर कई स्थानों पर मेले भी भरते हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने शीतला सप्तमी – अष्टमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शीतला माता से सभी को स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की है।

000

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बरसात की आसार हैं। इस बीते चौबीस घंटों में कई स्थानों पर गर्मी का असर रहा। बाड़मेर में पारा 33 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं चित्तौडगढ़, जैसलमेर, फलौदी, धौलपुर, जालौर, दौसा और पाली में भी दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 24 मार्च से प्रदेश में गर्मी बढने के आसार हैं।

000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–**बीसीसीआई** ने **आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी** में जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने टूर्नामेंट के सारे मैच जीते और दुबई में खेले गये फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया।

000

खेलो इण्डिया पैरा गेम्स की आज नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी इण्डोर स्टेडियम में शुरूआत हुई।युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इनका उद्घाटन किया। छह खेल स्पर्द्धाओं में करीब 1300 पैरा ऐथलीट हिस्सा लेगें। ये खेल 27 मार्च तक चलेगें।

000

श्रीगंगानगर में चिकित्सकों ने साढ़े तीन वर्ष के बच्चे को कोकिलियर इम्प्लांट किया है। जिला अस्पताल में पहली बार इस तरीके का ऑपरेशन किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक मोगा ने बताया कि राज्य सरकार की मां योजना के तहत ये इम्प्लांट निःशुल्क किया गया है। जिला मुख्यालय पर ये सुविधा शुरू होने से बधिर बच्चों के अभिभावकों में नई उम्मीद जगी है।

000

आज दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में मानव जीवन में प्रसन्नता और कल्याण की भावना को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है— **देखभाल और साझा करना** है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट —2025 जारी की। इस रिपोर्ट में खुशी और करूणा के वैश्विक विश्लेषण सहित कई सच्ची कहानियां हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भोजन साझा करना भी खुशी और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

000

जयपुर में कल से विजय दान देथा साहित्य उत्सव की शुरूआत होगी। तीन दिन का ये उत्सव जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होगा। इसमें 10 साहित्यिक सत्र रखे गये हैं, जिनमें 35 से अधिक साहित्यकार अपने विचार रखेंगे। विजयदान देथा जीवन परिचय और साहित्यिक योगदान' सत्र के साथ उत्सव की शुरुआत होगी। कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन और पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन और संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम ने उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया।

000

जयपुर में 22 और 23 मार्च को **विंटेज और क्लासिक कार एक्जीबिशन और ड्राईव** का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन विभाग और एक निजी कार क्लब की ओर से होने वाली रैली का इस बार 26वां संस्करण होगा। इस दौरान 100 से ज्यादा विंटेज और क्लासिक कारों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। इसमें राजस्थान सहित अन्य राज्यों से भी कारें हिस्सा लेंगी, जिसमें 100 साल से अधिक पुरानी कारें भी शामिल होंगी। 23 मार्च को इन कारों की ड्राईव भी होगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

000